


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 16 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 171 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# एक और अस्पताल में आग

## सात ने मौके पर तोड़ा दम, तीन की इलाज के दौरान मौत

● झुलस कर 11 कर्मचारी भी घायल

● मौके पर पहुंचे सीएम, किया 25-25 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान



**कटक।** ओडिशा के कटक में सोमवार तड़के एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। यहां के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के आईसीयू में भीषण आग लग गई। इस घटना में अब तक 10 मरीजों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि आग सुबह करीब 2:30 से 3:00 बजे के बीच लगी। मामले को लेकर एक अधिकारी ने बताया, आग अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग के आईसीयू में भड़की थी और देखते ही देखते आग ने बड़ा रूप ले लिया। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई। आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के ICU में लगी थी। यहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलस गए। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। ओडिशा CM मोहन चरण मांझी सुबह घायलों को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही हादसे की हाई लेवल जांच का आदेश दिया है। श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज (SCB) कटक का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पूरे राज्य से लोग इलाज करवाने के लिए आते हैं।

### ट्रक से भिड़ गयी ट्रक, 2 की जान गयी

**लोनी ( गाजियाबाद )।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे गढ़ी कटैया अंडर पास के निकट सोमवार अल सुबह दो ट्रक आपस में भिड़ गए। घटना में दो लोगों की मौत तथा तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 50 सैय्या संयुक्त चिकित्सालय लोनी में भर्ती कराया है। जहां घायलों का उपचार जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सोमवार अल सुबह राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे गढ़ी कटैया अंडर पास के निकट सीमेंट से लदा ट्रक राम पार्क की तरफ क्रास करने के दौरान दिल्ली खजूरी की तरफ से आ रहे ईंट उतार कर आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

### दुबई में ईरान के ड्रोन अटैक के बाद अबू धाबी में गिरी मिसाइल, एक की मौत

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ता ही जा रहा है। ईरान इजरायल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले के साथ-साथ खाड़ी देशों पर भी मिसाइल और ड्रोन से हमले कर रहा है। सोमवार तड़के ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के दुबई एयरपोर्ट के पास ड्रोन से अटैक किया, वहीं अब अबू धाबी में मिसाइल गिरने से एक व्यक्ति की मौत की खबर सामने आई है। दुबई के बाद अबू धाबी के अल बह्याह इलाके में एक नागरिक वाहन पर मिसाइल गिरी। इस घटना में एक फलस्तीनी नागरिक की मौत हो गई। अबू धाबी के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा, 'अल बह्याह क्षेत्र में एक नागरिक वाहन पर मिसाइल गिरने की घटना में एक फलस्तीनी नागरिक की मौत हो गई है। जनता को सलाह दी जाती है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें और अफवाहें या अपुष्ट जानकारी फैलाने से बचें।

### चाबहार सैन्य ठिकाने पर अमेरिकी लड़ाकू विमानों का हमला

**नई दिल्ली।** ईरान के दक्षिण-पूर्वी सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तान की सीमा के पास चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र स्थित है। अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने इस बंदरगाह पर हमला किया है। अमेरिकी प्रसारक वॉयस ऑफ अमेरिका की फारसी सेवा के मुताबिक, अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र के पास एक पहाड़ पर स्थित सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। इस क्षेत्र के पीछे के इलाके में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। अमेरिका का यह हमला ईरानी हमलों का जवाब और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की नाकाबंदी के जवाब में माना जा रहा है। ईरान-अमेरिकी के बीच आज युद्ध का 17वां दिन है और अभी तक ये युद्ध थमता नजर नहीं आ रहा है। चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र मध्य एशिया को हिंद महासागर से जोड़ता है। 1992 में दक्षिण-पूर्वी ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तान की सीमा से सटे चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र की स्थापना की गई थी। चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र, ओमान की खाड़ी के किनारे स्थित है, जिससे ईरान को हिंद महासागर तक आने के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते की जरूरत नहीं पड़ती।

### ऑपरेशन सिंदूर टिप्पणी मामले में प्रोफेसर अली खान को राहत, बंद किया गया केस

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर की गई टिप्पणी को लेकर विवादों में घिरे अशोका यूनिवर्सिटी के इतिहास के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को बड़ी राहत मिलती नजर आ रही है। हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वह प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में आगे अभियोजन की अनुमति नहीं देगी और इसे एक बार की उदारता मानते हुए कार्रवाई बंद करने का फैसला किया है। सरकार के इस रुख के बाद यह मामला अब लगभग खत्म होता दिखाई दे रहा है। कोर्ट में बताया गया कि राज्य सरकार ने प्रोफेसर अली खान के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्रवाई को बंद करने का फैसला किया है। सरकार ने इसे एक बार की उदारता (वन-टाइम मैग्नैनिमिटी) बताते हुए आपराधिक कार्रवाई को बंद करने का फैसला किया है। दरअसल, प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद पर आरोप था कि उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर टिप्पणी की थी। बता दें कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की वह जवाबी कार्रवाई थी जो पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ की गई थी।

## तीन राज्यों की 11 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग

● 26 सीटों पर पहले ही उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए 13 एनडीए और 13 विपक्ष की सीटें



**नई दिल्ली।** हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 राज्यसभा सीटों के लिए सुबह 9 बजे से वोटिंग हुई। इन तीनों राज्यों में क्रॉस वोटिंग का डर रहा। बिहार में तीन कांग्रेस विधायकों ने अब तक वोट नहीं डाला है। तीनों के फोन भी बंद आ रहे हैं। तेजस्वी यादव की पार्टी आरजेडी को एक विधायक का इंतजार है। वह भी वोट डालने के लिए नहीं पहुंचे। अब तक NDA की तरफ से 201 विधायक वोट डाल चुके हैं। जबकि महागठबंधन की तरफ 37 विधायकों ने वोट डाले हैं। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहला वोट डाला। दोपहर 1 बजे तक तक चुनाव के लिए 70 वोट डाले गए। वोटिंग के लिए कांग्रेस के विधायक हिमाचल के कसौली से रवाना होकर चंडीगढ़ में भूपेंद्र हुड्डा के घर जुटे। इसके बाद वे एक साथ बस में विधानसभा पहुंचे। 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों में से 11 पर सोमवार को मतदान जारी है। 26 सीटों पर पहले ही उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। इनमें 13 एनडीए को और 13 विपक्ष की सीटें हैं। अभी 37 में से 25 सीटें इंडिया गठबंधन के पास, जबकि 12 NDA के पास हैं। चुनाव के बाद तस्वीर बदल सकती है। NDA को 8 सीटों का फायदा हो सकता है।


### हाईकोर्ट में याचिका खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप के नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा सीबीआई के उत्पाद शुल्क नीति मामले की याचिका को न्यायमूर्ति स्वर्ण कांत शर्मा की पीठ से किसी अन्य न्यायाधीश को स्थानांतरित करने से इनकार करने के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। दोनों ने मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय को दिए गए एक आवेदन के बाद निष्पक्षता को लेकर 'गंभीर आशंका' व्यक्त की, जिसे मुख्य न्यायाधीश ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मामला न्यायालय के कार्यसूची के अनुरूप है और पुनर्नियुक्ति के लिए कोई प्रशासनिक आधार नहीं है। सीबीआई की याचिका, जो 16 मार्च (सोमवार) को न्यायमूर्ति शर्मा के समक्ष सूचीबद्ध है, शराब लाइसेंसधारियों को कथित रूप से तरजीह देने से जुड़े घोटाले में केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को निचली अदालत द्वारा 27 फरवरी को बरी किए जाने को चुनौती देती है।

## युद्ध के साये में बाजार पस्त

● रुपये में आयी कमजोरी का असर दिखने लगा



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए सप्ताह की शुरुआत सुस्त रही। सोमवार, 16 मार्च 2026 को शुरुआती कारोबार में घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स, Sensex और Nifty, गिरावट के साथ खुले। बाजार पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) की लगातार बिकवाली और पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण रुपये में आई कमजोरी का साफ असर देखने को मिल रहा है। जहां 30 शेयरों वाला BSE Sensex 138.13 अंक या 0.19 प्रतिशत गिरकर 74,415.79 पर खुला, वहीं Nifty 35 अंक गिरकर 23,116.10 पर खुला। पिछले ट्रेडिंग सेशन में, Sensex 74,563.92 पर और Nifty 50 23,151.10 पर बंद हुआ था। इसी तरह, शुरुआती सेशन में व्यापक इंडेक्स भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

## सोने और चांदी का भाव लुढ़का



**नई दिल्ली।** सोने और चांदी में जबरदस्त गिरावट दर्ज की जा रही है। यह गिरावट इस हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 16 मार्च को भी जारी है। आज सुबह 10.30 बजे के आसपास 10 ग्राम सोना 1600 रुपये से ज्यादा गिर चुका है। वहीं चांदी में 4000 रुपये प्रति किलो से ज्यादा की गिरावट है। सुबह 10.20 बजे तक एमसीएक्स में 24 कैरेट सोने का भाव 1,56,700 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा है। इसमें 1766 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट है। सोने ने अब तक 1,56,655 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो और 1,58,400 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई बनाया है।

# वैश्विक तेल आपूर्ति को लेकर टेंशन

## डोनाल्ड ट्रंप की युद्ध पोत भेजकर होर्मुज स्ट्रेट खुलवाने की अपील बेअसर

● रद कर सकते हैं चीन का दौरा टाल सकते हैं शिखर सम्मेलन

● बेलगाम भाग रहीं हैं तेल की कीमतें



**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच वैश्विक तेल आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 17वां दिन है। इस बीच ट्रम्प ने रविवार को NATO देशों को धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर सहयोगी देश होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने में मदद नहीं करते हैं तो NATO का भविष्य बहुत खराब हो सकता है। हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद करने की जरूरत नहीं थी। फिर भी हमने उनकी मदद की। अगर चीन होर्मुज को खुला रखने में मदद नहीं करता है, तो वह इस महीने के अंत में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ होने वाले अपने शिखर सम्मेलन को टाल सकते हैं। ट्रम्प 31 मार्च को चीन जाने वाले हैं। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सात देशों से युद्धपोत भेजकर होर्मुज स्ट्रेट को बंदिशों को खत्म करवाने की अपील की है। हालांकि अब तक किसी भी देश ने इस पर स्पष्ट प्रतिबद्धता नहीं जताई है। बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। अमेरिका को इस रास्ते की उतनी जरूरत नहीं है क्योंकि उसके पास खुद के तेल के स्रोत हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि चीन को लगभग 90 प्रतिशत तेल इसी मार्ग से मिलता है गौरतलब है कि आमतौर पर दुनिया के कुल कारोबार वाले तेल का पांचवां हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है।

### बंदिश सिर्फ अमेरिका और उसके पालतू देशों के लिए है : ईरान

वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि कई देशों ने अपने जहाजों को सुरक्षित गुजरने देने के लिए तेहरान से संपर्क किया है। कई देशों के जहाजों को गुजरने की अनुमति भी दी गई है। ईरान का कहना है कि यह समुद्री मार्ग सभी देशों के लिए खुला है, लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए नहीं। अमेरिका और उसके पालतू देशों को हम यहां से होकर गुजरने नहीं देंगे।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 16 मार्च, सोमवार, 2026 (3)





माहेश्वरी समाज के गणगौरा के बिंदौरा उत्सव में शामिल समाज की महिलाएं

जनमुख डेस्क

# बलात्कारी बाबा की खातिरदारी क्यों?

## दर्शन के दौरान दिये गए वीआईपी ट्रीटमेंट को लेकर सोशल मीडिया पर उठे सवाल



● मंदिर प्रशासन ने दी सफाई, कहा-कोई प्रोटोकाल नहीं था

● अनौरा आश्रम में गोपनीयता और सुरक्षा के किए गए थे अभूतपूर्व इंतजाम

● प्रवचन सुनने के लिए कई जनपदों से पहुंचे अनुयायी

**वाराणसी।** नाबालिग से बलात्कारग के मामले में उम्रकैद की सजा के बीच आसाराम बापू को छह माह की अंतरिम जमानत मिलने के बाद वह फिलहाल बाहर हैं और वाराणसी में हैं। उनके बाबा दरबार में दर्शन पूजन और वीआइपी ट्रीटमेंट दिए जाने की खबर को लेकर अब सोशल मीडिया पर सवाल उठने लगे हैं। बाबा दरबार के वीआइपी गेट नंबर चार से उनकी एंट्री और पुलिस की सुरक्षा अभिरक्षा में गेट के पास तक उनकी गाड़ी जाने के साथ ही उनको अलग से दर्शन कराने को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। लोगों का एक ही सवाल है कि एक बलात्कारी की आखिर इतनी वीआइपी खातिरदारी क्यों?

बलात्कारी बाबा के अयोध्या से निकलने के बाद से ही वाराणसी प्रवास की चर्चा हो रही थी। वह हरहुआ में अनौरा स्थित कथित संत आशाराम बापू आश्रम में लंबे समय बाद पहुंचा तो उनके समर्थकों की भी जमावड़ा लगा। दुष्कर्म के आरोपी आसाराम बापू के आगमन की सूचना मिलते ही पूर्वांचल और बिहार से हजारों अनुयायी दर्शन के लिए उमड़ पड़े। लगभग 12 वर्षों के सन्नाटे के बाद, 2013 से पहले जैसी हलचल एक बार फिर देखने को मिली। जौनपुर, भदोही, मीरजापुर, आजमगढ़, गाजीपुर, चंदौली और पड़ोसी राज्य बिहार के अनुयायी भी यहां पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आशाराम इस समय जमानत पर बाहर हैं और बनारस के आश्रम में ठहरे हुए हैं। रविवार को उन्होंने व्यास पीठ से अपने अनुयायियों को संबोधित भी किया। आश्रम प्रशासन ने परिसर के भीतर सुरक्षा और गोपनीयता के लिए अभूतपूर्व इंतजाम किए थे। सत्संग हॉल में प्रवेश करने वाले हर श्रद्धालु का पहचान पत्र लेकर मोबाइल फोन मुख्य द्वार पर जमा कराया जा रहा था। आश्रम के सेवादारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि भीतर की कोई भी गतिविधि कैमरे में कैद न हो। यदि कोई व्यक्ति छिपकर वीडियो बनाता हुआ पकड़ा जाता है, तो उसे तुरंत डिलीट करवाया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, जिस आश्रम में डेढ़ दशक से सन्नाटा था, वहां अब लग्जरी गाड़ियों के काफिले और समर्थकों के हुजूम से गांव का माहौल बदल गया है। रविवार दोपहर करीब दो बजे आशाराम का काफिला अनौरा आश्रम से अलईपुरा शहर आश्रम के लिए रवाना हुआ। चर्चा रही कि वह गंगा नदी के किनारे किसी शांत स्थान पर समय बिताने गए हैं। इसके बाद वह बाबा दरबार दर्शन के लिए पहुंचा तो वहां गेट नंबर चार के पास तक उनकी गाड़ी गई जहां से मामला चर्चा में आ गया। इसके बाद पुलिस की पूरी सुरक्षा के बीच उनको बाबा दरबार पहुंचाया गया। हालांकि इस मामले में मंदिर प्रशासन ने सफाई दी कि कोई प्रोटोकाल नहीं था, सामान्य आम जनता की तरह ही दर्शन करने की अनुमति दी गई। पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए वहां पर जवानों की तैनाती की थी।

## माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने मनाया गणगौर का बिंदौरा उत्सव

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** माहेश्वरी महिला संगठन की ओर से 'गणगौर का बिंदोरा उत्सव' बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ महमूरगंज स्थित निवेद निवेदिता सेवा शिक्षा सदन में मनाया गया। सुहाग, सौभाग्य और संस्कृति के इस पावन पर्व पर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत गणगौर माता और ईसर जी के पारंपरिक गीतों से हुई। संगीता मुंदड़ा और अनीता डागा ने अंताक्षरी के माध्यम से गणगौर के गीतों की शानदार महफिल सजाई। इस दौरान शशि नेवर, भारती करवा, सुधा भूराडिया, अलका बाहेती, मंजू राठी, लक्ष्मी लड्ढा, सुनीता राठी, प्रज्ञा बजाज, राजश्री सोमानी, संतोष सारड़ा, निधि सारड़ा, पुष्पा माहेश्वरी महिला संगठन की ओर से गणगौर का बिंदोरा उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुहाग, सौभाग्य और संस्कृति के इस पावन पर्व पर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## दो दिन से गायब महिला की घर वापसी



**वाराणसी।** राजातालाब थाना क्षेत्र के कचनार गांव में दो दिन पहले घर से लापता महिला अपने आप घर पहुंच गई। पति ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि पत्नी के लापता होने के बाद उन्होंने हर जगह उसे ढूंढा। गुमशुदगी भी दर्ज कराई, मगर वह नहीं मिली। काफी तलाश के बाद भी न मिलने पर परिजनों ने राजातालाब थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। इस घटना के दो दिन बाद पत्नी संपूर्णा देवी 52 सोमवार सुबह किसी प्रकार पैदल घर पहुंच गईं। इससे अब घर व गांव में खुशी का माहौल है। महिला को डाक्टरों की निगरानी में चिकित्सकीय उपचार दिया जा रहा है।

## अग्रसेन युवा मंच' एवं श्याम दरबारी मंडल' की प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अग्रसेन युवा मंच-काशी एवं श्याम दरबारी मंडल-काशी के सत्र 2026-27 हेतु नवीन प्रधान कमेटी एवं कार्यकारिणी कमेटी का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव परिणामों की घोषणा के साथ ही युवा शक्ति को समाज सेवा की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। शुभम अग्रवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। वहीं, हर्षद अग्रवाल को महामंत्री का महत्वपूर्ण कार्यभार सौंपा गया है। इस मौके पर अग्रसेन युवा मंच प्रबंध समिति के पदाधिकारी का भी चयन किया गया। लइस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## समाज को एक सूत्र में बांधने का उद्देश्य लेकर होली मिलन समारोह

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी भट्ट ब्राह्मण महासभा द्वारा 15 मार्च 2026 रविवार को होली मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन पूर्णिमा लॉन, आशापुर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं पूनम शर्मा के सरस्वती वंदना से हुआ। महासभा के अध्यक्ष आनन्द राय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम समाज के लोगों को एक सूत्र में बांधने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। अतिथियों का स्वागत संस्था के महामंत्री अवधेश राय ने किया।




# प्रीपेड मोबाइल की तर्ज पर काम करेगा स्मार्ट मीटर

●पैसा खत्म तो बिजली गुल

●पड़ोसियों के घर रहेंगे रोशन आप के यहां हो जाएगा अंधरा




**वाराणसी।** बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को जोर का झटका धीरे से दिया है। दरअसल स्मार्ट मीटर लगाकर घरों में मीटर बदल दिए गए और बिजली का बिल भी भेज दिया जा रहा है। यह प्रीपेड मीटर का झोल अब उपभोक्ताओं को गर्मी में झटका देने जा रहा है। पहले बिल आने पर ग्राहक अपनी सुविधा के अनुसार बिल जमा करता था। जब पैसे हुए तो बिल जमा होता था। कई-कई महीनों की पेंडिंग पर भी बिजली बहाल रहती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब प्रीपेड मोबाइल की तर्ज पर यह स्मार्ट मीटर काम करेगा। पड़ोसियों के घर बिजली होगी लेकिन बकाये वाले घर बत्ती गुल हो जाएगी क्योंकि उनका बैलेंस खत्म हो गया है। जिले भर में 40 हजार ऐसे मीटर अब एक्टिव मोड में आ गए हैं। जल्द ही पैसा खत्म होते ही बत्ती गुल हो जाएगी। इस व्यवस्था को लेकर उपभोक्ता में खलबली देखी जा रही है।

## त्रिदेव मंदिर में श्याम अखंड ज्योत पाठ



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** त्रिदेव मंदिर में आज त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार की ओर से श्याम अखंड ज्योत पाठ का आयोजन हुआ पाठ वाचक कोलकाता से आए संदीप सुल्तानिया द्वारा पढ़ा गया। पाठवाचक द्वारा प्रभु श्याम का चरित्र का वर्णन किया जिसमें समाज के बच्चों द्वारा नृत्य नाटिका के माध्यम से श्यामजी का चरित्र पर जीवंत झांकी प्रस्तुत की। इसके पूर्व त्रिदेव मंदिर में स्वर्ण जणित सिंहासन पर रानी सती सालासर हनुमानजी खाटू श्याम की स्वदेशी फूलों से अलौकिक झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में आए श्याम भक्तों का संस्था की किरण सराफ सविता सराफ उषा केजरीवाल ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। विग्रहों की आरती संस्था के अध्यक्ष भरत सराफ मंत्री राधे गोविंद केजरीवाल ने की। इस अवसर पर संयोजक सुरेश तुलस्यान सहित त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार के सभी भक्त का उपस्थित थे।

# पीडीए स्वाभिमान दिवस पर रोजा इफ्तार




● साम्प्रदायिक सौहार्द की पेश की गयी मिसाल

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** समाजवादी पार्टी, महानगर वाराणसी के 389 दक्षिणी विधानसभा की ओर से भारत में सोशल इंजिनियरिंग एवं सामाजिक परिवर्तन के महानायक कांशीराम की 92वीं जयंती अर्थात् पीडीए स्वाभिमान दिवस के मौके पर हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक गंगा जमुनी कौमी मिल्लत रोज़ा इफ़्तार आयोजित किया गया, जिसमें शहर के समाज धर्मगुरु एवं सम्मानित रोजेदार मुस्लिम भाई शामिल होकर देश में भाई-चारे और मोहब्बत का पैगाम दिया। रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में हाज़ी अब्दुल समद अंसारी, समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, मोहम्मद दिलशाद अहमद, कार्यकारिणी सदस्य ईशान श्रीवास्तव, युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव सरफराज़ खान, पार्षद मुमताज खान, अज़हर अली सिद्दीकी-सपा दक्षिणी विधानसभा अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी महानगर के महासचिव योगेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी रामजी यादव, पार्षद अवनीश यादव विक्की, सत्यनारायण यादव, पार्षद हारुन अंसारी, बेलाल अहमद कुतबन शहीद, नसीम अंसारी, आदि शामिल रहे।

## परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं शुरू, 30 मार्च तक परिणाम

**वाराणसी।** परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक की वार्षिक परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी और मार्च तक चलेंगी। यह परीक्षाएं दो पालियों में सुबह 9:30 से 11 बजे तक और दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक होंगी। पहले दिन कक्षा 5 तक की सभी विषयों की परीक्षाएं मौखिक होंगी। बीएसए अनुराग श्रीवास्तव में बताया कि वार्षिक परीक्षा में जिले में 152505 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। कक्षा एक तक की परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा 2 से 5 तक 50 प्रतिशत लिखित और 50 प्रतिशत मौखिक परीक्षा होगी जबकि कक्षा 4-5 में 70 प्रतिशत लिखित और 30 प्रतिशत मौखिक होगी।

## घर-घर गैस की पाईप लाईन पहुंचाने की कवायद, जोनल कार्यालयों पर लगाए गए कैंप




**वाराणसी।** प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल के निर्देश पर रविवार से शहर के सभी आठ जोनल कार्यालयों में विशेष कैम्प लगाए जा रहे हैं। जहां लोगों को घरेलू गैस पाइपलाइन कनेक्शन के लिए आवेदन करने और तुरंत प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा दी जा रही हैं। रविवार को अभियान के पहले दिन मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने नदेसर स्थित नगर निगम के जोनल कार्यालय में लगाए गए विशेष कैम्प का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और लोगों को जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की मंशा है कि शहर के हर घर तक सुरक्षित और सस्ती गैस सुविधा पहुंचे, इसलिए इस कार्य को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए।




# होली मिलन समारोह में दिया भाई-चारे का संदेश

● सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मन मोहा



**वाराणसी।** शिवपुर क्षेत्र के कादम्बनी लॉन में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रंगों के इस उल्लासपूर्ण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया। जिसमें प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं वाराणसी शहर उत्तरी के विधायक रविन्द्र जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी लोगों का मनमोह लिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, राकेश शर्मा, नवीन कपूर, जगदीश त्रिपाठी, मधुकर चित्रांश, राजेश यादव, बृजेश चौरसिया, विवेक पांडे, रचना अग्रवाल, अशोक कुमार, मनोज सोनकर, दिलीप चौहान, अतुल सिंह, पार्षदगण रोहित मिश्रा, अशोक कुमार मौर्य, संजय जायसवाल, मनमोहन दुबे, राजेश यादव, राजेंद्र मौर्य, बृजेश श्रीवास्तव, कुसुम पटेल संजू सरोज, लीला देवी, सुशील गुप्ता, सिद्धनाथ, राजेंद्र यादव, बलिराम, जितेंद्र कुशवाहा, रिंकू आदि उपस्थित रहे।

## एकजुटता विकसित समाज की नीव : अशोक विश्वकर्मा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक एकता के बिना सत्ता में भागीदारी और विकास संभव नहीं है। सामाजिक न्याय और भागीदारी के लिये एकजुटता जरूरी है। राजनैतिक पद प्रतिष्ठा पाने की लोगों में होड़ लगी है, जिससे पता चलता है कि समाज में राजनीतिक चेतना तो बढ़ी है किंतु सामाजिक एकजुटता की दिशा में घोर उदासीनता है। जिससे राजनीतिक भागीदारी और समुचित प्रतिनिधित्व से समाज वंचित है।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## मीरजापुर समाचार

### विंध्याचल में नाविकों को 1500 लाइफ जैकेट वितरित



**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्रि मेले से पहले विंध्याचल धाम के दीवान घाट पर नाविकों को 1500 लाइफ जैकेट वितरित की गईं। नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र ने एक कार्यक्रम में ये जैकेट निःशुल्क बांटीं। राज्य सरकार के सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त डॉ. ऋषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि जिले को कुल 5440 लाइफ जैकेट मिली हैं, जिनका वितरण नवरात्रि मेले के मद्देनजर तेजी से किया जा रहा है। इस वितरण कार्यक्रम में नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) उपस्थित रहे। विंध्याचल क्षेत्र के चिन्हित नाविकों को दीवान घाट पर जैकेट दी गईं। इस अवसर पर नाविकों को नदी में नाव संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए भी जागरूक किया गया। प्रशासन के अनुसार, नाविकों को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश बोट सेफ्टी बोटमैन वेलफेयर पॉलिसी 2020 के तहत कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। पर्यटन प्रबंध संस्थान, लखनऊ के सहयोग से सदर और चुनार तहसील क्षेत्रों में नाविकों को विशेषज्ञों द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। पिछले दो वर्षों से यह प्रशिक्षण 60-60 नाविकों के बैच में आयोजित हो रहा है, जिसका उद्देश्य उन्हें सुरक्षित नाव संचालन और आपदा प्रबंधन की जानकारी देना है।

## गाजीपुर समाचार

### बेटे ने दी पिता, मां और बहन को मुखाग्नि

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद क्षेत्र के हरिवल्लमपुर गांव निवासी मनोज चौधरी, उनकी पत्नी रीता चौधरी और बेटी सौम्या की शनिवार को मीरजापुर जिले के लालगंज के पास हुए सड़क हादसे में मौत हो गई थी। रविवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद तीनों के शव पैतृक गांव हरिवल्लमपुर पहुंचते ही पूरे गांव में मातम छा गया।
गांव से सुल्तानपुर गंगा तट के लिए जब तीनों शव अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुए, तो पूरा गांव गमगीन हो उठा। मृतक मनोज चौधरी के पुत्र आकाश चौधरी ने भारी मन से अपने पिता, माता और बहन को मुखाग्नि दी। बताया जा रहा है कि मनोज चौधरी पिछले दो वर्षों से मध्य प्रदेश के रीवा में परवल की खेती कर रहे थे। तीन दिन पहले वह अपनी बीमार मां सरस्वती देवी से मिलने गांव आए थे।

## सोनभद्र समाचार

### जंगल में पेड़ पर लटके पति और जमीन पर मिला पत्नी का शव



**हाथीनाला (सोनभद्र)।** चोपन थाना क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत के टोला छिकराडाड़ गांव के जंगल में रविवार को पति-पत्नी का शव मिला। पति का शव पेड़ पर फंदे के सहारे लटक रहा था, जबकि कुछ दूरी पर पत्नी का शव क्षत-विक्षत हाल में जमीन पर पड़ा था। शव में कीड़े पड़ गए और तेज दुर्गंध आ रही थी। दोनों चार दिन पहले मजदूरी के लिए घर से निकले थे। पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। आशंका है कि महिला की हत्या के बाद पति ने खुद को फंदा लगा लिया होगा। कोटा ग्राम पंचायत के झलुहवा छिकराडाड़ टोला निवासी रामसूरत (45) अपनी पत्नी कौशल्या (40) के साथ 11 मार्च को मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे। दोनों गांव के ही रामसुंदर के मकान में मिट्टी की दीवार बना रहे थे। काम खत्म होने के बाद दोनों घर जाने के लिए निकले, लेकिन वहां नहीं पहुंचे। परिवारवालों ने उनकी खोजबीन की। रविवार को ढूंढते हुए परिजन और ग्रामीण जंगल की ओर गए तो वहां तेज दुर्गंध उठ रही थी। उस ओर जाने पर देखा कि आसन के पेड़ से गमछे के सहारे फंदे पर रामसूरत का शव लटक रहा था। ग्रामीण पास पहुंचे तो कुछ दूरी पर नाले के पास कौशल्या का शव क्षत-विक्षत हाल में पड़ा था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे।

## मऊ समाचार

### माता-पिता गए थे बाजार, युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**रतनपुरा।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा निवासी बबलू गुप्ता (25) ने फंदा लगाकर शनिवार की शाम खुदकुशी कर ली। परिजनों ने रस्सी काटकर नीचे उतारा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।
सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को जिला अस्पताल भेजवा दिया। बबलू के पिता चतुरी गुप्ता ने बताया कि वो पत्नी कुसुम के साथ शनिवार की शाम रतनपुरा बाजार में सब्जी खरीदने गए थे। शाम सात बजे लौटे तो बेटा कहीं दिखाई नहीं दिया। हम पति, पत्नी कमरे में गए तो देखा कि बबलू पंखे पर बने नायलॉन की रस्सी के फंदे से लटक रहा था। उन्होंने बताया कि बेटा मानसिक रूप से कमजोर थाा। वह काफी परेशान रहता था। वो तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

## सुल्तानपुर समाचार

### जमीन के विवाद में फायरिंग छह घायल, एसओ निलंबित



**अखंडनगर।** कल्यानपुर गांव में रविवार को जमीन के विवाद में दो पक्ष आमने-सामने हो गए। विवाद बढ़ने पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर असलहे से फायरिंग कर दी। गोली लगने से एक पक्ष के संजय यादव (25) घायल हो गए। लाठी से हुए हमले में संजय की मां शोभावती (50), बहन रोशनी (24), प्रांकुश यादव (18), कमलेश (42), विपुल यादव (16) घायल हो गए। घायलों को अखंडनगर सीएचसी से अंबेडकरनगर के टांडा स्थित पीजीआई रेफर कर दिया। एसपी ने अखंडनगर थानाध्यक्ष व सीओ कादीपुर पर लापरवाही बरतने के आरोप में अपर पुलिस अधीक्षक को जांच सौंपी है। अखंडनगर थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया। कल्यानपुर निवासी जिलाजीत यादव के मुताबिक उनका पड़ोसी अरविंद यादव से जमीन का विवाद चल रहा है।
आरोप है कि उसी विवाद में रविवार सुबह नौ बजे अरविंद यादव, अमन यादव, आनंद यादव के साथ रतनपुर (मैरवा) अखंडनगर निवासी व उप्र बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष राणा अजीत प्रताप सिंह, उनके पुत्र अभिजीत सिंह, अरूण सिंह, चंदीपुर निवासी सतीश सिंह, अमित सिंह, अंबेडकरनगर के नेमपुर निवासी हलचल तिवारी कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ पिस्टल, रिवाल्वर व लाठी लेकर उनके घर पर पहुंचे। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उनके परिवार पर हमला कर दिया।

## आजमगढ़ समाचार

### इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग में पालकी पर आएंगी मां भगवती

**आजमगढ़।** जिले में चैत्र नवरात्र की शुरुआत 19 मार्च से होगी। पंचांग के अनुसार इस बार मां भगवती पालकी में विराजमान होकर भक्तों के बीच आएंगी। नौ दिनों तक माता का दरबार सजेगा और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। वहीं 27 मार्च को राम नवमी मनाई जाएगी। इसे लेकर मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गईं हैं और बाजारों में पूजन सामग्री की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ने लगी है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवरात्र के साथ ही विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ भी होगा। नवसंवत्सर में राजा गुरु और मंत्री मंगल होंगे। प्रतिपदा तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग और उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का संयोग रहेगा। उन्होंने बताया कि इस बार मां भगवती पालकी पर विराजमान होकर आएंगी। नवरात्र के दौरान 21 मार्च को गणगौर तीज और 27 मार्च को रामनवमी मनाई जाएगी।

## बलिया समाचार

### दो मंजिला मकान में आठ घंटे से धधक रही आग, मां- बेटे की मौत



**बलिया।** जिले में दो मंजिला मकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देख लोग सहम उठे। इस दौरान मां-बेटे की झुलसने से मौत हो गई। जबकि आग से बचने के लिए छत से कूदा पति घायल हो गया। ग्राउंड फ्लोर पर दुकान व प्रथम तल पर परिवार रहता था।
बलिया जिले के गड़वार थाना के चिलकहर चट्टी के डुमरी मार्ग स्थित दो मंजिला मकान में आग लगने से मां रिंकी चौरसिया (25) व पांच वर्षीय पुत्र धीरज कुमार की झुलसने मौत हो गई। पति नीरज ने छत से कूद कर जान बचाई, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। आग की लपटों को देखकर लोग पास जाने से भी डरते रहे। आग भोर में लगी, लेकिन अभी तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। चिलकहर चट्टी के डुमरी मार्ग पर नीरज चौरसिया की किराना की होलसेल की दुकान है।
वह प्रथम तल पर पत्नी रिंकी व बेटा धीरज के साथ रहते थे। रविवार की रात 2 बजे के बाद अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई। आग फैलते देख नीरज ने प्रथम तल पर पहुंचकर पत्नी व बेटे को जगाकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन मकान की सीढ़ी का दरवाजा बाहर से बंद होने के कारण सभी लोग फंस गए। नीरज ने छत से कूदकर जान बचाई, इसमें उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। नीरज की चीख- पुकार सुनकर और धुआं-धुआं निकलता देख आसपास के लोग बचाने पहुंचे तब तक रिंकी चौरसिया व बेटा धीरज गंभीर रूप से झुलस गए। इलाज के लिए लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने पत्नी रिंकी व बेटे धीरज को मृत घोषित कर दिया। नीरज को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। उधर, नीरज के पिता झूलन चौरसिया जो घर में थे, लेकिन उनका पता नहीं चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि धीरज का दो दिन पूर्व मुंडन संस्कार था। इस मार्मिक घटना के बाद हर कोई मर्माहत है। आग लगने की सूचना पर तड़के पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवान आग बुझाने में लगे हुए हैं। खबर लिखे जाने तक पूरी तरीके से आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। दुकान के जले हुए सामानों में धुआं निकल रहा था। वहीं पुलिस किसी को मौके पर जाने नहीं दे रही है।

## चंदौली समाचार

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 महिलाओं को किया सम्मानित

**चंदौली।** क्षेत्र के खड़ेहरा गांव स्थित अमर ज्योति संस्था की ओर से रविवार को सशक्त महिला-सशक्त समाज विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के विकास में योगदान दे रहीं महिला ग्राम प्रधानों व रोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 महिलाओं को सम्मानित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि सीओ स्नेहा तिवारी व मुख्य वक्ता प्रियंका मुखर्जी प्रधानाचार्य गुरुकुलम स्कूल, विशिष्ट अतिथि संध्या यादव जिला चाइल्ड लाइन सुपरवाइजर, संगीता सहायक अध्यापक, शिल्पी चौरसिया व सरोज ने दीप जला कर किया। कार्यक्रम में ग्रामीण अंचल से लगभग 1200 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर महिलाओं ने सामाजिक सरोकारों पर आधारित प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

## भदोही समाचार

### सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी में दिखी सौहार्द की झलक



**भदोही।** मर्यादपट्टी स्थित ऑल इंडिया कारपेट मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन (एकमा) की ओर से रविवार को सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार में हिंदू-मुस्लिम ने साथ रोजा खोल कर एकता और सौहार्द की मिसाल पेश की। इफ्तार के बाद वहीं पर नमाज भी अदा की गई। सामूहिक इफ्तार पार्टी में दोनों समुदायों के कालीन निर्यातकों, मजदूरों ने भाग लिया। बिना भेदभाव, ऊंच नीच के सभी ने एक दस्तरख्वान पर बैठकर शाम 6 बजकर 8 मिनट पर अजान होते ही खजूर से रोजा खोला। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई। इसमें विश्व और देश में अमन शांति के लिए दुआ की गई। एकमाध्यक्ष मो. रजा खां और मानद सचिव पीयूष बरनवाल ने रोजा खोलने से पूर्व सभी का स्वागत किया। अध्यक्ष ने कहा कि माह-ए-रमजान में सामूहिक इफ्तार पार्टी के आयोजन की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। इस परंपरा को हमेशा बनाए रखने की बात कही। मानद सचिवों ने इस तरह के आयोजनों पर जोर दिया। इफ्तार में औराई विधायक दीनानाथ भास्कर, रवि पाटोदिया, जय प्रकाश गुप्ता, हाजी अब्दुल बारी अंसारी, अरशद वजीरी, हाजी अब्दुल सत्तार अंसारी, आरके बोथरा, हाजी इश्तियाक खां, श्रीराम मौर्य, शमीम अंसारी, श्यामधर यादव, शाहिद अली, एजाज अंसारी, परवेज अंसारी, शाहकार अंसारी, फजल वजीरी इंतखाब वजीरी आदि रहे।

## देवरिया समाचार

### 45 दिन बाद बुकिंग के नियम ने बढ़ाई मुश्किल

**देवरिया।** रसोई गैस की किल्लत के बीच नए-नए नियम और भी लोगों को परेशान कर रहे हैं। मांग और आपूर्ति के बढ़ते अंतर को कम करने के लिए पेट्रोलियम कंपनियों ने ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अगली बुकिंग के लिए 45 दिन बाद का नियम लागू कर दिया है। इससे उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।
ग्रामीण उपभोक्ताओं को अब दूसरा विकल्प ढूंडना पड़ेगा। जिले में 781149 घरेलू उपभोक्ता हैं। इनके लिए जिले में 78 गैस एजेंसियां हैं। इनमें से 24 शहरी क्षेत्र में और 54 ग्रामीण क्षेत्र में हैं। रसोई गैस का संकट शहरी उपभोक्ताओं की तरह ही ग्रामीण क्षेत्र में भी है। वजह यह कि पिछले वर्षों में उज्जवला गैस कनेक्शन बंटने के बाद लगभग हर घर में अब खाना रसोई गैस पर ही बनने लगा है। ग्रामीण क्षेत्र में भी अब लकड़ी का चूल्हा लगभग खत्म हो चुका है।

## गोरखपुर समाचार

### कोई सवाल आसान तो कई ने छकाया भी, अभ्यर्थी बोले- अधिक जाएगी कटऑफ



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की ओर से आयोजित दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा का रविवार को समापन हो गया। दो दिनों तक चार पालियों में आयोजित परीक्षा में जनपद में कहीं से भी किसी शिकायत की खबर नहीं है। ज्यादातर सवाल आसान से माध्यम स्तर के रहे। हालांकि, कई सवालों ने परीक्षार्थियों को खूब छकाया भी। परीक्षा में राजनीति, विधि, संविधान, जीके, जीएस, हिंदी, मैथ व रीजनिंग आदि विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। परीक्षा में 120 मिनट में 160 सवालों के जवाब देने थे। निगेटिव मार्किंग नहीं होने के कारण लगभग सभी अभ्यर्थियों ने सारे प्रश्नों के जवाब दिए। ज्यादातर अभ्यर्थियों ने अंतिम पांच से 10 मिनट में 30 से 40 प्रश्न हल किए। अभ्यर्थियों ने उम्मीद जताई कि इस बार मेरिट ऊंची जाएगी।
परीक्षा देकर निकले मोहम्मद तहलील खान ने बताया कि अंतिम 10 मिनट में करीब 25-30 प्रश्नों के उत्तर दिए। रीजनिंग, मैथ और हिंदी के सवाल उम्मीद से ज्यादा आसान थे। परीक्षा के दूसरे दिन 72.17 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। पहली पाली में पंजीकृत 9840 में से 7064 उपस्थित व 2776 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। यानी पहली पाली में 71.76 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। दूसरी पाली में पंजीकृत 9840 अभ्यर्थियों में से 7141 उपस्थित व 2699 अनुपस्थित रहे। यानी 72.57 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। रविवार को भी 24 केंद्रों पर परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन की ओर से सभी केंद्रों पर सुरक्षा के फूलप्रूफ इंतजाम किए गए थे। सघन तलाशी के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। प्रशासन का दावा है कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ, एसपी सिटी निमिष पाटिल के साथ ही प्रशासन के अधिकारी भी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेते रहे। केंद्रों के बाहर लगा जाम, कुछ ही देर में छंटी भीड़ दोनों पालियों में परीक्षाएं समाप्त होने के बाद केंद्रों के बाहर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति रही। रविवार का दिन होने और यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष व्यवस्था की वजह से कुछ ही देर में जाम खत्म हो गया।

## जौनपुर समाचार

### संदिग्ध परिस्थिति में वृद्धा की मौत

**पवारा।** पवारा थाना क्षेत्र के गौहानी गांव में एक वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की बेटी ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौहानी निवासी शांति देवी (70) पत्नी रामखेलावन अपने इकलौते बेटे से अलग पैतृक घर के सामने ही अलग कमरा बनाकर रहती थीं। गत शनिवार की रात वह भोजन कर घर में सोने चली गई। सुबह काफी समय होने के बाद भी बाहर नहीं निकलीं तो बेटे पृथ्वीपाल ने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। लोगों ने धक्का देकर दरवाजा खोला तो अंदर देखा कि महिला की संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा था। मृतका के पास एक बेटा व एक बेटी है। बेटी सत्यभामा को शनिवार को ही बामी गांव निवासी एक युवक के साथ उन्होंने दूसरी शादी कर विदा किया था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि लंबे समय से अपनी पुत्री के साथ जीवन व्यतीत कर रही महिला बेटी की विदाई से बहुत दुखी थी और बार-बार कह रही थीं कि शायद आज की रात उसकी अंतिम रात हो।
महिला की बात सही साबित हुई, दूसरे दिन सुबह वह मृत पाई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला के एक कान से हल्का खून भी निकला हुआ था। क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि महिला शांति देवी हार्ट व ब्लडप्रेशर की मरीज थीं। उसकी पुत्री ने संपत्ति के लालच में मां की हत्या की आंशका जताई है। हालांकि बेटी ने किसी को नामजद नहीं किया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रयागराज समाचार

### हैवान बना पिता, चार बेटियों से दुष्कर्म का आरोप, बड़ी बेटी की शिकायत पर गिरफ्तार



**प्रयागराज।** जिले के मांडा थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवती ने अपने पिता पर खुद के साथ ही नहीं, बल्कि अपनी चार बहनों के साथ भी दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है।
20 वर्षीय युवती रविवार को अपनी मां के साथ थाने पहुंची और इंस्पेक्टर मांडा अनिल वर्मा को पूरी घटना बताई। युवती की बात सुनकर थाने में मौजूद लोग भी सन्न रह गए। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है और पांच बहनों व दो भाइयों में सबसे बड़ी है। उसके पिता हैदराबाद में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं और साल में एक-दो माह के लिए घर आते हैं। पीड़िता के मुताबिक, पिता वर्ष 2017 से उसके साथ दरिंदगी कर रहे हैं। उस समय वह मामा के घर रहती थी। उसने इसकी जानकारी मां को दी तो विरोध करने पर आरोपी ने मां के साथ भी मारपीट की। इसके बाद आरोपी ने घर में मौजूद अन्य बहनों के साथ भी गलत हरकतें शुरू कर दीं।
युवती ने आरोप लगाया कि रविवार को भी पिता ने इंटर में पढ़ने वाली उसकी दूसरी बहन के साथ शारीरिक शोषण किया और विरोध करने पर मारपीट की। इसके अलावा हाईस्कूल में पढ़ने वाली तीसरी बहन और कक्षा सात में पढ़ने वाली चौथी बहन के साथ भी गलत हरकतें की जाती रहीं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी पिता को पकड़कर थाने ले आई और पूछताछ शुरू की। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने अपने कृत्य को सही ठहराने की कोशिश की। इंस्पेक्टर मांडा अनिल वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा और न्यायालय में बयान दर्ज कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लाइफ मंत्र

# कब है नहाय-खाय और कब दिया जायेगा भगवान भाष्कर को अर्घ्यः नोट कर लें चैती छठ कर पूरी डेट




लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ, भारतीय संस्कृति की अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। साल में दो बार मनाए जाने वाले इस महापर्व की छटा चैत्र मास में भी उतनी ही दिव्य होती है, जिसे हम चैती छठ के नाम से जानते हैं। कड़े अनुशासन, पवित्रता और अटूट विश्वास के साथ रखे जाने वाले इस व्रत की शुरुआत साल 2026 में 22 मार्च से होने जा रही है।
चाहे नहाय-खाय की सात्विकता हो या उगते सूर्य को अर्घ्य देने का धैर्य, चैती छठ का हर दिन भक्तों के लिए एक नई आध्यात्मिक ऊर्जा लेकर आता है। यदि आप भी इस वर्ष छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए व्रत अनुष्ठान की योजना बना रहे हैं, तो तिथियों और पूजा विधान का सही ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। तो आइए जानते हैं, इस वर्ष नहाय-खाय से लेकर पारण तक की पूरी समय-सारणी के बारे में-

**चैती छठ कब से प्रारंभ है 2026**

साल 2026 में चैती छठ का आगाज़ 22 मार्च को नहाय-खाय के साथ होगा, जबकि 25 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का समापन किया जाएगा।

**चैती छठ के 4 दिन**

**नहाय-खाय (22 मार्च 2026, रविवार)**

छठ महापर्व के पहले दिन को 'नहाय-खाय' कहा जाता है। इस दिन से ही व्रत का संकल्प लिया जाता है। व्रती इस दिन पवित्र नदियों या तालाबों में स्नान करते हैं। इसके बाद सात्विक भोजन तैयार किया जाता है। मुख्य रूप से अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का सेवन किया जाता है, जिसे कद्दू-भात भी कहते हैं।

**खरना (23 मार्च 2026, सोमवार)**

दूसरे दिन को खरना या लोहंडा कहा जाता है। इस दिन का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। व्रती दिन भर उपवास रखते हैं और शाम को मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी जलाकर प्रसाद तैयार करते हैं। गुड़ से बनी चावल की खीर (रसियाव) और शुद्ध घी लगी रोटी का भोग छठी मैया को लगाया जाता है। इसी प्रसाद को ग्रहण करने के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है।

**संध्या अर्घ्य (24 मार्च 2026, मंगलवार)**

तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। यह इस महापर्व का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। व्रती महिलाएं और पुरुष शाम के समय नदी या तालाब के किनारे जाते हैं। बांस की टोकरी में ठेकुआ, मौसमी फल और अन्य पूजन सामग्री सजाकर भगवान भास्कर की पूजा की जाती है। डूबते सूर्य को अर्घ्य देना इस बात का प्रतीक है कि जीवन में अंत भी उतना ही सुंदर और पूजनीय है जितना आरंभ।

**उषा अर्घ्य और पारण (25 मार्च 2026, बुधवार)**

चौथे और अंतिम दिन उगते हुए सूर्य की वंदना की जाती है। सुबह सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालु घाटों पर पहुंच जाते हैं। जैसे ही सूर्य देव की पहली किरण दिखाई देती है, उन्हें अर्घ्य अर्पित किया जाता है। सूर्य को अर्घ्य देने और छठी मैया से आशीर्वाद लेने के बाद, व्रती कच्चे दूध का शरबत पीकर और प्रसाद खाकर अपना व्रत खोलते हैं।

**चैती छठ का महत्व**

कार्तिक छठ की तुलना में चैती छठ में गर्मी और मौसम के बदलाव की वजह से निर्जला व्रत रखना अधिक कठिन माना जाता है।
मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु पूरी श्रद्धा से सूर्य देव और छठी मैया की आराधना करते हैं, उनके घर में सुख, समृद्धि और आरोग्य का वास होता है।

## चुकंदर-मेहंदी से पाएं Salon जैसा बरगंडी रंग, जानें ये सीक्रेट तरीका



घर पर सैलून जैसा बरगंडी हेयर कलर पाने के लिए चुकंदर, मेहंदी और कॉफी का यह DIY हैक अपनाएं। यह नेचुरल तरीका बालों को बिना अमोनिया और ब्लीच के नुकसान से बचाते हुए एक वाइब्रेंट और खूबसूरत शेड देता है। पहले के समय लोग जब बाल सफेद होने लगते थे तब बालों में कलर कराते थे, आज के समय में हेयर कलर कराना एक फैशन ट्रेंड बन गया है। हर कोई पार्लर जाकर बालों में कलर कराना पसंद करते हैं। आप भी अगर अपने बालों में वाइब्रेंट शेड वाले बरगंडी कलर को करना चाहती हैं, तो इसके लिए ज्यादा पैसे खर्च करने की जरुरत नहीं है। आप इस रंग को घर पर बनाकर बालों में अप्लाई कर सकती हैं। ऐसा करने से आपके बाल भी हेल्दी रहेंगे। इसके साथ ही आपके बाल अमोनिया और ब्लीच के इस्तेमाल से बच जाएंगे। आइए आपको बताते हैं कैसे घर पर ही अपने बालों कलर करें।

**बरगंडी रंग बनाने के लिए सामग्री**

- चुकंदर का रस- 3 से 4 चम्मच
- मेहंदी- 4 चम्मच
- कॉफी पाउडर - 1 चम्मच

घर में बरगंडी रंग बनाने का तरीका

- सबसे पहले आप फ्रेश चुकंदर लें।
- अब इसका रस निकालना है और इसे एक कटोरी में रख दें।
- इसके बाद एक कटोरी में मेहंदी को डालें। इसमें चुकंदर का रस और कॉफी पाउडर को पानी में घोलकर डालें।
- फिर इस मिश्रण अच्छे से घोल लें। जरुरत के हिसाब इसमें पानी को मिक्स करें। जब घोल तैयार हो जाए, तो इसे 10 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

**बालों में बरगंडी रंग लगाने का तरीका**

- सबसे पहले बालों में कंघी कर लें।
- इस बात का ध्यान रखें कि आपके बालों उलझे नहीं।
- अब इसे ब्रश की मदद से सिर पर लगाएं।
- पूरे बालों के कवर करने के बाद शावर कैप पहन लें।
- इसको आप कम से कम 3 से 4 घंटे तक लगा रहने दें।
- इसके बाद बालों को सिर्फ सादे पानी से धोएं, उस दिन शैम्पू का यूज करें।
- इसलिए कलर को सेट होने के लिए 24 से 48 घंटे का समय दें, उसके बाद ही माइल्ड शैम्पू से बाल धोएं।
- इस होममेड कलर से आपके बाल प्राकृतिक बरगंडी रंग के हो जाएंगे।



## ऑफिस की जल्दी में बस 90 सेकेंड में पाएं परफेक्ट आंखें, ये Makeup Hacks आजमाएं

**अगर आपसे कहा जाए कि सिर्फ 1 30 सेकेंड में अपनी आंखों को डिफाइन, बड़ा और अट्रैक्टिव बनाना हो। तो हम आपको आसान मेकअप हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे आप कुछ मिनटों में परफेक्ट आई लुक पा सकते हैं।**

सुबह ऑफिस की जल्दी हो या फिर अचानक किसी फंक्शन में जाना पड़े या रोजाना लुक में थोड़ा ग्लैमर जोड़ना हो। इन सबमें सबसे ज्यादा फोकस आंखों पर जाता है। क्योंकि सही और अच्छे आई मेकअप की मदद से आप पूरे चेहरे की खूबसूरती को कुछ मिनटों में निखार सकती हैं। हालांकि अक्सर समय की कमी के कारण हम आई मेकअप को स्किप कर देते हैं या फिर ठीक तरह से नहीं कर पाते हैं। ऐसे में अगर आपसे कहा जाए कि सिर्फ 1 मिनट 30 सेकेंड में अपनी आंखों को डिफाइन, बड़ा और अट्रैक्टिव बनाना हो। तो इस आर्टिकल के जरिए हम आपको आसान मेकअप हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे आप कुछ मिनटों में परफेक्ट आई लुक पा सकते हैं।

**आई प्राइमर**

वहीं आई प्राइमर अच्छा बेस तैयार होता है। इसके बाद कंसीलर से आंखों के आसपास के ब्लैक पैच को कवर कर लें। इससे आपको आंखों पर अन्य मेकअप के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने में आसानी होगी।

**ऐसे लगाएं आई लाइनर**

अगर आपको ग्लैमरस लुक जल्दी चाहिए तो आपको कैट आई लुक ट्राई करना चाहिए। आप अपर और लोअर आई लिड पर आईलाइनर लगाएं। दोनों ही कोनों को बाहर की तरफ खींचे। इसको कर्व अंदाज में बाहर लेकर आएं, जिससे कि दोनों लाइनें एक-दूसरे से जुड़ जाएं।

**आंखों को ऐसे दिखाएं बड़ा**


बता दें कि आंखों को बड़ा दिखाना काफी आसान है। इसके लिए आप काजल पेंसिल का इस्तेमाल कर सकती हैं। ब्लैक की जगह आपको व्हाइट कलर की पेंसिल का इस्तेमाल करना चाहिए। आईलाइनर जितना हो सके पतला लगाएं। ऐसा करने से आपकी आंखें भी लंबी और पतली नजर आएंगी। फिर मस्कारा लगाएं। इससे आपकी आंखें बड़ी और डिफाइन लगेंगी।

**आंखों पर ऐसे लगाएं आई शैडो**

हालांकि बहुत सारी महिलाओं को आंखों पर आई शैडो लगाना नहीं आता है। तो वहीं कुछ महिलाओं को आई शैडो में सही रंगो का चयन करना नहीं ता है।

अगर आपको ज्यादा मैसी नहीं करना है, तो आंखों पर लाइट शेड के कलर्स का इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं 1 मिनट 30 सेकेंड के अंदर आपका आई मेकअप कंप्लीट हो जाएगा। इस तरह से आप रोज आई मेकअप कर सकती हैं। साथ ही अपनी ड्रेस से मैचिंग करते हुए आई शैडो कलर्स का चुनाव कर सकती हैं।

## महंगे Products छोड़ें! Expert का यह नुस्खा Dead Skin हटाकर देगा चेहरे पर Natural Glow



ब्यूटी एक्सपर्ट के अनुसार, चेहरे की डेड स्किन हटाने के लिए महंगे प्रोडक्ट्स की जगह कॉफी, शहद, मलाई और नारियल तेल से बना घरेलू फेस पैक एक आसान और असरदार उपाय है। यह नुस्खा त्वचा को एक्सफोलिएट कर चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाता है।

ज्यादातर महिलाएं डेड स्किन से परेशान रहती हैं। डेड स्किन चेहरे की खूबसूरती को कम करता है।

अगर आप भी चेहरे पर जमी डेड स्किन की समस्या से परेशान हैं और इसे हटाने के लिए कई महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर चुकी हैं, तो अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। यह जानकारी आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। इस लेख में हम आपको आसान और असरदार उपाय के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे अपनाकर आप चेहरे की डेड स्किन को कम करने में मदद पा सकती हैं। आइए जानते हैं इस उपाय के बारे में।

**डेड स्किन कम करने के लिए खास उपाय**

ब्यूटी एक्सपर्ट के मुताबिक, अधिकत्तर महिलाएं खासकर जो वर्किंग वुमन है वह चेहरे पर होने वाली डेड स्किन की वजह से काफी परेशान रहते हैं।

यदि आप भी अपने चेहरे पर होने वाली डेड स्किन को कम करना चाहते हैं, तो फिजूल खर्च करने के बजाय घर पर रहकर एक खास उपाय कर सकते हैं। तो चलिए बिना देर किए आपको इस उपाय के बारे में बताते हैं।

**फेस पैक बनाने के लिए सामग्री**

-कॉफी
-शहद
-मलाई
-नारियल तेल

फेस पैक बनाने के तरीका

- डेड स्किन को कम करने के लिए एक खास फेस पैक तैयार करती है।
- इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में कॉफी पाउडर डालें।
- इसमें अब मलाई, थोड़ा नारियल तेल और थोड़ा ताजा शहद मिक्स कर दें।
- इन सभी सामग्री को अच्छे से मिक्स कर लें और पेस्ट को खास बना लें।
- जब यह पेस्ट गाढ़ा हो जाए, तो आप इसे किसी एयरटाइट डिब्बे में भरकर रख दें।
- इस पेस्ट को हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकते हैं।
- यह डेड स्किन को खत्म करता है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
सिद्धिगिरिबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पुरी
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डा अनुप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682